## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान के चीफ जस्टिस ने खोली इमरान खान सरकर की पोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चीफ जस्टिस (सीजेपी) गुलजार अहमद ने गुरुवार को देश की इमरान खान सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से संवैधानिक व्यवस्था और शासन के प्रतिमान के रूप में इस्लाम को स्थापित किए जाने के प्रयासों के कारण याचिकाओं के रूप में अदालत पर छोटे–छोटे मुद्दों का बोझ बढ़ रहा है। धर्म के प्रति आस्था विकास की राह में रोड़ा बन गई है। सीजेपी ने खेद प्रकट करते हुए कहा, नागरिकों के अधिकारों को लागू करने की क्षमता में इजाफा नहीं हो रहा है। इसके कारण देश के असहाय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। श्पाकिस्तान के संविधान का अध्ययनः अनुच्छेदवार चर्चा, मामले, कानून व इतिहास पर निष्पक्ष टिप्पणी नामक पुस्तक के विमोचन समारोह में सीजेपी ने सरकार को जनता की चिंताओं का सही से समाधान नहीं करने के लिए फटकार लगाई।

### भुखमरी और खाद्यान की कमी से जूझ रहा है उत्तर कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण कर रहा उत्तर कोरिया भुखमरी के कगार पर खड़ा है। उर्वरक की कमी के कारण देश का खाद्यान उत्पादन पिछले कई साल से लगातार घट रहा है। इस कारण अब उत्तर कोरियाई प्रशासन ने अपने नागरिकों को खुद के मल–मूत्र से खाद बनाने की सलाह दी है। संयुक्त राष्ट्र ने भी बताया है कि उत्तर कोरिया जल्द ही गंभीर खाद्य संकट में फंस सकता है। डेली एनके की रिपोर्ट के अनुसार, अधिक घरेलू खाद का उत्पादन करने के लिए उत्तर कोरिया नागरिकों के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। यांगगांग प्रांत के एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि केंद्रीय समिति ने आदेश दिया है कि प्रांत के बाजारों में दोपहर 2रू00 बजे से काम करने के बजाय अपने परिचालन समय को एक घंटे कम कर दें।

### अर्जेटीना में कोरोना वायरस संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने तोड़े सारे रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अर्जेटीना। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से पूरी दुनिया जूझ रही है। वायरस का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। दैनिक मामलों में दिन–ब–दिन बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन दुनिया भर में तेजी से फैल रहा है। नए वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बात अर्जेटीना की करें तो देश में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण की रफ्तार ने रिकार्ड तोड़ा है और देश में बीते 24 घंटों में 139,853 नए मामले सामने आए हैं। आपको बता दें कि ये आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय ने साझा किए हैं। देश में सामने आए आंकड़ों ने महामारी की शुरूआत के बाद के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। अब तक कुल 6,932,972 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस से 96 मौतें हो चुकी हैं।

### तालिबान को करना पड़ रहा है पेशेवर कर्मचारियों की कमी का सामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद आए दिन देश नई–नई मुश्किलों का सामना कर रहा है। तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार देश को पूर्ण कौशल से चलाने में असमर्थ साबित हो रही है। अफगान के लोग आर्थिक और शारीरिक संकट की मार झेल रहे हैं। देश में भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं तो वहीं तालिबान सरकार को पेशेवर कर्मचारियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को सूचना दी है कि क्योंकि देश में सरकारी पदों पर अधिकारियों के पास पेशेवर कौशल की कमी है, इसलिए अफगानिस्तान को सरकारी कामकाजों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी नौकरियां पाकिस्तान में चुपचाप रहने वाले पूर्व लड़ाकों और निर्वासितों को संरक्षण के रूप में दी जाती हैं। लेकिन सभी के पास नौकरी के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल नहीं है।

# अपने ही सैनिकों पर अटैक की तैयारी कर रहा रूस

**फॉल्स फ्लैग**

## अमेरिका का दावा– ढूंढ़ रहा यूक्रेन पर हमले का बहाना!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि रूस यूक्रेन पर हमले का बहाना बनाने के लिए पूर्वी यूक्रेन में अपनी सेना पर फॉल्स फ्लैग अभियान की योजना बना रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि उनका मानना है कि रूस यूक्रेन को हमलावर के रूप में बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार अभियान चला रहा है। सैन्य संघर्ष की संभावना को और अधिक शतत्कालश बनाने के लिए बड़े पैमाने पर यूक्रेनी सरकारी वेबसाइटों को साइबर हमलों के बाद ऑफलाइन कर दिया गया था।

यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस की वार्ता असफल हो चुकी है जिसके बाद रूस ने अपनी सैनिकों का युद्ध परीक्षण तेज कर दिया है। इस बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पश्चिम के साथ रूस का धैर्य अब जवाब दे चुका है क्योंकि रूस ने आश्वासन मांगा था



कि नाटो उसके क्षेत्र के करीब विस्तार नहीं करेगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि अमेरिका के पास सबूत हैं कि युद्ध और हमलों में प्रशिक्षित गुर्गे श्नकलीश रूसी बलों पर इन हमलों को अंजाम देंगे, संभवतः कुछ हफ्तों बाद।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कूटनीति सफल होने और रूसी सरकार की योजनाओं के आगे बढ़ने पर मानवाधिकारों के उल्लंघन और युद्ध अपराधों की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ऐसी जानकारी है जो संकेत देती है कि रूस ने पूर्वी यूक्रेन में एक फॉल्स फ्लैगश अभियान चलाने के लिए पहले से ही गुर्गों के एक समूह को तैनात कर दिया है। इन गुर्गों को शहरी युद्ध में प्रशिक्षित किया जाता है और रूस की नकली सेना के खिलाफ हमला करने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है।

**क्रेमलिन ने खारिज किए दावेः** पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि खुफिया जानकारी श्बहुत विश्वसनीयश है। क्रेमलिन ने इस तरह के उकसाने वाले दावों से इनकार किया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रिपोर्ट श्निराधारश जानकारी पर आधारित है। यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हुए साइबर हमलों के बाद शुक्रवार को कई सरकारी वेबसाइट अस्थायी रूप से बंद हो गई। देश के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।


**यूक्रेन और रूस के बीच बढ़ा तनाव**

तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि इन हमलों के पीछे कौन है, लेकिन ये हमले ऐसे समय पर किए गए हैं जब मॉस्को और अन्य पश्चिमी देशों के बीच इस सप्ताह हुई वार्ता में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं होने के बाद यूक्रेन और रूस के बीच तनाव बढ़ गया है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओलेग निकोलेंको ने शुक्रवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि इस हमले के पीछे कौन है। किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी क्योंकि मामलों की जांच चल रही है लेकिन यूक्रेन के खिलाफ रूस के साइबर हमले का लंबा इतिहास रहा है।

## सिख, अफगानी, चीनी.. अमीरों को साधने में जुटा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने शुक्रवार को घोषणा की है कि सरकार ने विदेशी नागरिकों के लिए स्थायी निवास योजना की अनुमति देने का फैसला किया है। इसे रियल एस्टेट क्षेत्र में उनके निवेश से जोड़ा गया है। पाकिस्तान की पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के अनुसार फवाद ने कहा कि पाकिस्तान ने भू–अर्थशास्त्र को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत के मूल के रूप में घोषित किया है। यही कारण है कि नई नीति ने विदेशियों को निवेश के बदले स्थायी निवासी का दर्जा प्राप्त करने की अनुमति दी है। पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से बताया कि तुर्की के नक्शेकदम पर चलते हुए पीटीआई के नेतृत्व वाली सरकार ने विदेशी नागरिकों के लिए स्थायी निवास योजना सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है।

इसके लिए आवेदकों को उन्हें 100,000 डॉलर से लेकर 300,000 डॉलर का निवेश रियल एस्टेट में करना होगा। एक प्रमुख संघीय मंत्री ने इसके पीछे पाकिस्तानी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट किया है। रिपोर्ट के अनुसार मंत्री ने कहा विदेशियों के लिए पीआर योजना शुरू करने का एक उद्देश्य अमीर अफगानों को आकर्षित करना है।



ब्रिटेन में एक बगीचे से मिली 10वीं शताब्दी की भारतीय देवी की मूर्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। उत्तर प्रदेश के एक गांव के मंदिर से 40 साल पहले अवैध रूप से हटाई गई 10वीं शताब्दी की एक मूर्ति इंग्लैंड में एक बगीचे से मिली, जो मकर संक्रांति के अवसर पर भारत को लौटा दी गई। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त गायत्री इस्सर कुमार ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में, मूर्ति को वापस भेजने में मदद करने वाले संगठन आर्ट रिकवरी इंटरनेशनल के क्रिस मारिनेलो से मूर्ति को औपचारिक रूप से अपने नियंत्रण में लिया। मूर्ति बुंदेलखंड के बांदा जिले में लोखरी मंदिर में स्थापित एक योगिनी का हिस्सा है। इसे अब नई दिल्ली में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेजा जाएगा।

## अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को दी एन95 या केएन95 मास्क पहनने की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने अधिक से अधिक अमेरिकी लोगों को कोरोना वायरस के प्रसार को धीमा करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले एन95 या केएन95 मास्क पहनने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस तरह के मास्क हवा से वायरस को फिल्टर करने में बेहतर माने जाते हैं। लेकिन पहले उनकी कम आपूर्ति होती थी और रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अधिकारियों ने कहा था कि ऐसे मास्क के लिए स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**अमेरिका सबसे अधिक मामलों वाला देश**

सीडीसी के अधिकारियों ने शुक्रवार की दोपहर पोस्ट किए गए नए दिशानिर्देश में मास्क की आपूर्ति की कमी से संबंधित चिंताओं को दूर किया और अधिक स्पष्ट रूप से कहा कि फिटिंग वाले एन 95 और केएन 95 मास्क सबसे अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। हालांकि, एजेंसी के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि कुछ मास्क दूसरों की तुलना में पहनने में सहज नहीं होते हैं इसलिए उन्होंने लोगों से अच्छे फिटिंग वाले मास्क चुनने का आग्रह किया जो वे लगातार पहन पाएं।

सीडीसी महामारी के दौरान मास्क को लेकर मार्गदर्शन देता रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की थी कि उनका प्रशासन एन 95 सहित उच्च गुणवत्ता वाले मास्क को मुफ्त में उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक विवरण अगले सप्ताह आने की संभावना है। व्हाइट हाउस ने कहा कि संघीय सरकार के पास 75 करोड़ से अधिक एन 95 मास्क का भंडार है।

सीडीसी के अनुसार, सर्जिकल एन 95 मास्क की एक विशेष श्रेणी है, जो विशेष रूप से रक्त के छींटे और ऑपरेशन के दौरान कमरे में खतरों से सुरक्षा प्रदान के लिए डिजाइन की गई है। एजेंसी ने कहा कि ऐसे मास्क आम तौर पर जनता के लिए बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

### मेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में लगातार बढ़ते कोरोना और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन बढ़ते मामलों ने यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को चरमरा कर रख दिया है। आलम ये है कि यहां पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को देखने के लिए भी स्वास्थ्यकर्मियों की कमी देखी जा रही है। कर्मचारियों की कमी का असर सीधेतौर पर मरीजों के इलाज पर पड़ने लगा है। इस कमी की वजह से आम आदमी से लेकर सरकार तक सभी परेशान हैं। अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ इस संबंध में बेहद डराने और परेशान करने वाले हैं। इसमें कहा गया है कि देश के करीब 19 प्रांतों में 15 फीसद से कम आइसीयू बेड खाली हैं। वहीं केंचुकी, अल्बामा, इंडियाना और न्यू हैम्पशायर में हालात इस कदर खराब हैं कि यहां के अस्पतालों में दस फीसद से भी कम आइसीयू बेड खाली हैं। इसका अर्थ है कि यहां पर कोरोना के बढ़ते मरीजों की तादाद से हालात चिंताजनक हो चुके हैं। जानकार इसको अमेरिका में कोरोना की सुनामी करार दे चुके हैं।